ऋषभदेव का अद्भुत वैभव, चतुर्थकाल की प्रतिमा है।।

ॐ ह्रीं श्रीं 1008 महाअतिशयकारी साँगानेरवाले बाबा आदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ जिन-पूजा (अयोध्या) (रचयिता - कल्याण कुमार शशि)

ये दुर्दमनीय कलुषताएँ, जो क्षमताएँ हर लेती हैं।
मेरी अर्हन्त अवस्था को, जो प्रकट न होने देती हैं।।
अपने चिन्तामणि-चेतन को, मैं बिखरा-बिखरा पाता हूँ।
आठों दुःख-कर्म नशाने को, आठों शुभ-द्रव्य चढ़ाता हूँ।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री आदिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - नंदन कवि)

पावन जल चंदन अक्षत पुष्पन चरुवर दीपन धूप धरो।
वर अर्घ उतारों तुमपद धारों नंदन तारों पूज करों।।
प्रथम सु तीर्थंकर, जगत हितंकर, हे अभयंकर, आदि जिनं।
सब कर्म क्षयंकर, दया धुरंधर, जगजन शंकर शर्म घनं।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री आदिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - ब्र. रवीन्द्र जैन)

सम्यक् तत्त्व स्वरूप न जाना नहीं यथार्थतः पूज सका,
रागभाव को रहा पोषता, वीतरागता से चूका।
काल लब्धि जागी अंतर में भास रहा है सत्य स्वरूप।
पाऊँगा निज सम्यक् प्रभुता, भास रही निज माँहि अनूप।
सेवा सत्यस्वरूप की, ये ही प्रभु की सेव,
निज सेवा व्यवहार से, निश्चय आतमदेव।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ जिन-पूजा (रैवासा-राज.) (रचयिता - श्री लालचन्द जैन राकेश)

जल फलादि वसु द्रव्य मिलाकर, यह अर्घ्य चढ़ाया है स्वामिन्।
हो अनर्घ पद प्राप्त सद्य ही, बस यही प्रार्थना है भगवन्।।
हे रैवासा के आदिनाथ, भगवन् मेरा उद्धार करो।
दृढ़ता से बाहु पकड़ मेरी, संसार-जलधि से पार करो।।

ॐ ह्रीं श्री भव्योदय अतिशयक्षेत्र रैवासा-स्थित श्री 1008 भगवान्आदिनाथजिनेन्द्राय!
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

वसु द्रव्य अर्घ जिनदेव चरणों में अर्पित।
पाऊँ अनर्घ पद नाथ अविकल सुख गर्भित।।
जय ऋषभदेव जिनराज शिवसुख के दाता।
तुम सम हो जाता जीव स्वयं को जो ध्याता।।

ऊँ ह्रीं श्रीऋषभनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री अजितनाथजिन

जल फल वसुद्रव्य मिलाय सुन्दर अर्घ करों।
पद पूजत श्री जिनराय कर्म कलंक हरों।।
अजितेश्वर दीन दयाल स्वपर प्रकाश करो।
तुम सरनागत प्रतिपाल मम उर आन भरो।।

ऊँ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सुमतिनाथ जिन-पूजा (रैवासा)

जल चंदन अक्षत पुष्प मिला, नैवेद्य दीप मैं लाया हूँ।
धूप फलादि अर्घ चढ़ाकर सुमतिनाथ गुण गाता हूँ।।
क्षेत्र अतिशय भव्योदय है, अतिशयकारी महिमा है।
सुमतिनाथ का अद्भुत अतिशय भू से निकली प्रतिमा है।।

ऊँ ह्रीं श्रीभव्योदय-अतिशयक्षेत्र-स्थित भूगर्भप्राप्त-अतिशयकारी रैवासावाले बाबा श्री 1008 गुणसंयुक्त श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपद्मप्रभ जिन-पूजा (बाड़ा) (रचयिता - छोटे लाल)

जल चन्दन अक्षत पुष्प, नेवज आदि मिला।
मैं अष्ट द्रव्य से पूज, पाऊं सिद्ध शिला।।
बाड़ा के पद्म जिनेश, मंगल रूप सही।
काटौ सब क्लेश महेश, मेरी अर्ज यही।।
ऊँ ह्रीं श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्य पद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्रीचन्द्रप्रभ जिन-पूजा (तिजारा जी) (रचयिता - श्री मुंशी)

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरू, दीपक घृत से भर लाया हूँ।
दस गंध धूप फल मिला अर्घ ले, स्वामी अति हरषाया हूँ।।
हे नाथ अनर्घ्य पद पाने को, तेरे चरणों में आया हूँ।
भव-भव के बंध कटे प्रभुवर, यह अरज सुनाने आया हूँ।।
ऊँ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री चन्द्रप्रभ जिन-पूजा (सोनागिर) (रचयित्री - आर्यिका स्वस्ति मति)

बाधाओं का पथ मिला मुझे, प्रभु तुम तक पहुँच न पाता हूँ।
जग की झंझट उलझाती है, हर पीड़ा को सह जाता हूँ।।
पाऊँ अनर्घ्य पद हे प्रभुवर, अर्घ्यों का थाल मैं ले आया।।
सच्ची श्रद्धा सम्यग्दर्शन, पाने को यह मन ललचाया।।
ऊँ ह्रीं सोनागिर-विराजित-चन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री चन्द्रप्रभ जिन-पूजा (महलका) (रचयिता - आर्यिका मुक्ति भूषण)

जल चन्दन, आदि द्रव्य, मिलकर अर्घ्य बना।
प्रभु-चरणों अर्घ्य चढ़ाय, मुक्ति सुख सपना।।
श्री चन्द्रप्रभु भगवान, भक्तों के हितकारी।
हम पूजें भक्तीभाव, प्रभु पद मनहारी।।
ॐ ह्रीं श्रीअतिशयक्षेत्र-महलका-स्थित-चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री चन्द्रप्रभ जिन-पूजा (चाँदखेड़ी)

जल चंदन अक्षत आदिक से अर्घ्य बनाकर लाया हूँ।
प्रभु तेरे चरणों में अन्तर मन से यह अर्घ्य चढ़ाता हूँ।।
भव-सागर पार करो स्वामी, विनती करने को आया हूँ।
चांदखेड़ी के चन्दाप्रभु तेरे चरणों में आया हूँ।।
ॐ ह्रीं चांदखेड़ी के बन्द-तल-प्रकोष्ठ में विराजमान यक्ष-रक्षित चंदाप्रभु जिनप्रतिमासमूहाय
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री शीतलनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

आत्मानुभूति की प्रीति निज में है जागी।
पाऊँ अनर्घ-पद नाथ मिथ्या-मति भागी।।
हे शीतलनाथ जिनेश शीतलता-धारी।
हे शील-सिन्धु शीलेश सब संकट-हारी।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्य जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

जब तक अनर्घ-पद मिले नहीं तब तक मैं अर्घ चढ़ाऊँगा।
निज-पद मिलते ही हे स्वामी फिर कभी नहीं मैं आऊँगा।।
त्रिभुवन-पति वासुपूज्य स्वामी प्रभु मेरी भव-बाधा हरलो।
चारों गतियों के संकट हर हे प्रभु मुझको निज-सम कर लो।।

ऊँ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री अनन्तनाथजिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

देह-भोग-संसार-राग में रहा, विराग नहीं आया।
सिद्ध-शिला-सिंहासन पाने अर्घ-सुमन लेकर आया।।
जय जिनराज अनन्तनाथ प्रभु तुम दर्शन कर हर्षाया।
गुण-अनन्त पाने को पूजन करने चरणों में आया।।

ऊँ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्रीशान्तिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री बख्तावरसिंह)

जल-फलादि वसु-द्रव्य संवारे अर्घ चढ़ाये मंगल गाय।
बखत रतन के तुम ही साहिब दीजे शिवपुर राजकराय।।
शांतिनाथ पंचम-चक्रेश्वर द्वादश-मदन-तनो पद पाय।
तिन के चरण-कमल के पूजे रोग-शोक दुःख-दारिद जाय।।

ऊँ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्रीशान्तिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

अविनश्वर अनुपम अनर्घ-पद सिद्ध-स्वरूप महा-सुखकार।
मोक्ष-भवन निर्माता निज-चैतन्य राग-नाशक अघ-हार।।
परम-शान्ति-सुख-दायक शान्ति-विधायक शान्तिनाथ भगवान।
शाश्वत-सुख की मुझे प्राप्ति हो श्री जिनवर दो यह वरदान।।

ऊँ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री मुनिसुव्रतनाथ जिन-पूजा (केशवराय पाटन) (रचयिता - पं0 दीपचन्द)

जल गंधाक्षत पुष्प से पूजों प्रभु पद-कंज।
चरु सुदीप धूपादि फल अग्र धरूँ अघ-भंज।।

ऊँ ह्रीं श्रीआशरम्यपट्टणपुरस्थ-श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री मुनिसुव्रतनाथ जिन-पूजा (पैठण) (रचयिता - रतन लाल पहाडे)

जल फल वसु द्रव्य मिलाय, अर्घ चढ़ावत हूँ।
शिवपद मिलने के काज, तुम गुण गावत हूँ।।
श्री मुनिसुव्रत भगवान, भदवधि पार करो।
मन-वच-तन पूजूँ आज, संकट दूर करो।।

ऊँ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री नेमिनाथ जिन-पूजा (नेमगिरी) (रचयिता - श्री 108 चिन्मयसागरजी)

हे जिन! निज को अर्घ्य बनाकर, तुम्हे समर्पित करता हूँ।
तब चरणन में अर्पण कर मैं, दारुण भव-दुःख हरता हूँ।।
भविजन के जिननाथ तुम्ही हो, नेमिनाथ जिन नमता हूँ।
वीतराग-वश मन-वच-तन से, तव गुण-स्तव नित करता हूँ।। ।।

ॐ ह्रीं श्री नेमगिरीगुफास्थित-नेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री नेमिनाथ जिन-पूजा (गिरनारजी) (आर्यिका स्वस्ति माता जी)

जल फल आठों वसुद्रव्य, पूजन को लाया।
मैं हरष-हरष गुण गाऊँ, मम हिय हर्षाया।।
श्री नेमिनाथ भगवान, दिव्य दिवाकर हो।
हो दुष्ट कर्म चकचूर आप प्रभाकर हो।। ।।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री नेमिनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

जल-फलादि वसु द्रव्य अर्घ से लाभ न कुछ हो पाता है।
जब तक निज-स्वभाव में चेतन मग्न नहीं हो जाता है।।
नेमिनाथ स्वामी तुम पद-पंकज की करता हूँ पूजन।
वीतराग तीर्थंकर तुमको कोटि-कोटि मेरा वन्दन ।। ।।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथ जिन-पूजा (बडा गांव) (रचयित्री - नीलम जैन)

जल चन्दन अक्षत पुष्प नैवेद्य बनाकर लाया हूँ।
दीप धूप फल सजाकर प्रभुवर चरणों में आया हूँ।
यह अष्ट द्रव्य से पूजा का शुभ थाल सजाकर लाया हूँ।।
बड़ागाँव के पारस प्रभु मैं पूजा करने आया हूँ।। ।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (कचनेर) (रचयिता - क्षुल्लक सिद्धसागर जी)

वसु-विधि सब द्रव्य मिलाय, अर्घ उतारत हूँ।
निज पद मेरो मिल जाय, याते याचत हूँ।।
चिंतामणि-पारसनाथ चिंता दूर करें।
मन-चिंतित होत हि काज, जो प्रभु-चरण चुरे।। ।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथ जिन-पूजा (रचयिता - पं. मोहनलाल)

अष्टद्रव्य शुभ अर्घ्य बनाय, पूजत मनवांछित फल पाय।
पूजो प्रभुको, निश्चय जावे शिवपदको।।
तेवीसवा श्री पार्श्व जिनेश, अतिशय श्री कचनेर विशेष।
भवि चित्त लगाय, पूजो हरष गुण गाय।। ।।

ॐ ह्रीं कचनेरग्रामी-श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (महुवा, सूरत) (रचयिता - भट्टारक विद्याभूषण)

जल गंध सुअक्षत, कुसुम सुचरुवर, दीप धूप फल ले भरी।
यह अर्घ सु कीजे, जिनपद दीजे, विद्याभूषण सुखकारी।।
पूजो प्रभु पारस, देत महारस, विघ्नहरण जिन यश गाया।
कमठा मद-मारण, नाग-उधारण, संयम-धारण तज माया।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीमहुवानगर-विराजित-विघ्नहर-पार्श्वनाथजिनेन्द्राय
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (नेमगिरि)

अष्टद्रव्य का अर्घ्य बनाया, अष्टम वसुधा पाने को।
अर्घ्य समर्पण करता हूँ मैं, सिद्धालय में जाने को।।
अंतरिक्ष श्री पार्श्व जिनेश्वर निशदिन तुम्हें जो ध्याते है।।
ऋद्धि सिद्धि समृद्धि करते, रोग-शोक नश जाते हैं।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीकलिकुंडदण्ड-श्रीअंतरिक्ष-पार्श्वनाथजिनेन्द्राय
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथजिन-पूजा अतिशय क्षेत्र (बिहारी, मु. नगर)

उपसर्ग सहा कमठासुर का, उपसर्ग-विजेता कहलाये।
सुर पद्मावति-धरणेन्द्र तभी, पूरब उपकार सुमिर आये।।
ये अर्घ्य संजो करके प्रभुवर निज का वैभव निज पाता हूँ।।
हे क्षेत्र बिहारी पार्श्व प्रभो, सुख-सम्पति हो सिर नाता हूँ।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (अहिच्छत्र) (रचयिता - राजमल जी)

शुद्ध भाव के अर्घ बिना मैं पाप पुण्य में अटकाया।
निज अनर्घ-पदवी पाने को शरण आपकी मैं आया।।
अहिक्षेत्र-प्रभु पार्श्वनाथ के दर्शन करके हर्षाया।
तपो-भूमि कैवल्य-भूमि को वन्दन कर अति सुख पाया।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीअहिक्षेत्रपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (जटवाड़ा) (रचयिता - आचार्य देवनन्दि मुनि)

जलगंधाक्षत पुष्प चरूवर दीप धूप और फल।
पार्श्वचरण में अर्घ्य चढ़ाकर जीवन बने सफल।।
संकटहर श्री पार्श्वप्रभुजी जैनगिरीवासी।
अद्भुत महिमा जगकल्याणी अष्टकर्मनासी।। ।।

ऊँ ह्रीं श्री 1008 संकटहरपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (कलिकुण्ड) (अडिल्ल छन्द)

जल गंध सुधारा तंदुल प्यारा पुष्प चरू ले दीप भली।
दश धूपसुरंगी फल ले अभंगी करो अर्घ उर हर्ष रली।।
कलिकुण्ड-सुयंत्रं पढ़ कर मंत्रं ध्यावत जे भविजन ज्ञानी।
सब विपति विनाशै, सुख परकाशै, होवै मंगल सुखदानी।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं कलिकुण्ड-दण्ड श्रीपार्श्वनाथाय धरणेन्द्र-पद्मावती-सेविताय अतुल-बलवीर्य-पराक्रममाय सर्वविघ्न-विनाशनाय ह्म्ल्व्र्यूं भ्म्ल्व्र्यूं म्म्ल्व्र्यूं म्ल्व्र्यूं ध्म्ल्व्र्यूं झ्म्ल्व्र्यूं स्म्ल्व्र्यूं ख्म्ल्व्र्यूं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

अष्ट कर्म क्षय-हेतु अष्ट द्रव्यों का अर्घ्य बनाऊँ मैं।
अविनाशी अविकारी अष्टम-वसुधापति बन जाऊँ मैं।।
चिन्तामणि प्रभु पार्श्वनाथ की पूजन कर हर्षाऊँ मैं।
संकटहारी मंगलकारी श्री जिनवर-गुण गाऊँ मैं।। ।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीपार्श्वनाथ जिन-पूजा (आर्यिका ज्ञानमती माता जी)

आवो हम सब करें अर्चना, पार्श्वनाथ भगवान् की।
जिनकी भक्ति से प्रकटित हो, ज्योति आतम-ज्ञान की।। ।।वंदे जिनवरम्-4।।
जल गंधादिक अर्घ्य सजाकर, जिनवर चरण चढ़ा करके।
रत्नत्रय अनमोल प्राप्त कर, बसूँ मोक्ष में जा करके।।
इसी हेतु त्रिभुवन जनता भी, भक्ति करे भगवान् की।।
जिनकी भक्ति से प्रकटित हो, ज्योति आतम-ज्ञान की।। ।।वंदे जिनवरम्-4।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथ जिनपूजन-1 (रचयिता - बख्तावरलाल)

नीर गंध अक्षतान् पुष्प चरु लीजिये।
दीप धूप श्रीफलादि अर्घ तैं जजीजिये॥
पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूँ सदा।
दीजिये निवास मोक्ष भूलिए नहीं कदा॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथ पूजन-2 (रचयिता - पुष्पेन्दु)

पथ की प्रत्येक विषमता को, मैं समता से स्वीकार करूं।
जीवन-विकास के प्रिय-पथ की, बाधाओं का परिहार करूँ॥
मैं अष्ट-कर्म-आवरणों का, प्रभुवर आतंक हटाने को।
वसु-द्रव्य संजोकर लाया हूँ, चरणों में नाथ चढ़ाने को॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ- जिन-पूजा (रचयिता - कल्याण कुमार 'शशि')

संघर्षों में उपसर्गों में तुमने, समता का भाव धरा।
आदर्श तुम्हारा अमृत-बन, भक्तों के जीवन में बिखरा॥
मैं अष्टद्रव्य से पूजा का, शुभ-थाल सजा कर लाया हूँ।
जो पदवी तुमने पाई है, मैं भी उस पर ललचाया हूँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्रीमहावीर जिन-पूजा (पावागिरि, ऊन) (रचयिता - पं0 बाबूलाल फणीश)

पय चंदन अक्षत पुष्प नैवेद्य का, थाल सजाकर मैं लाया हूँ।
दीप धूप फल मिश्रित करके, अर्घ बनाकर मैं लाया हूँ।।
अब अनर्घपद प्राप्ति हेतु शाश्वत-सुख पाने आया हूँ।
श्री स्वर्णभद्रादि चार मुनिवर को अर्घ्य चढ़ाने आया हूँ।।।।

ॐ ह्रीं ॐ ह्रीं श्रीपावागिरि-सिद्धक्षेत्रतः सिद्धपदप्राप्तेभ्यः स्वर्णभद्रादि-चतुर-मुनिश्वरेभ्यः एवं शान्ति-कुन्थु-अर- महावीरजिनेन्द्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीमहावीर जिन-पूजा (चान्दन गांव- श्री महावीर जी) (रचयिता - श्री पूरनमल)

जल गंध सु अक्षत पुष्प चरुवर जोर करौं।
ले दीप धूप फल मेलि आगे अर्घ करौं।
चांदनपुर के महावीर, तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव-आताप निवार, तुम पद बलिहारी।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरस्वामिने अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।।

श्रीमहावीर जिन-पूजा (अहिंसा-स्थल, नई दिल्ली)

तुम हो चिरंतन नित्य ही प्रभु परमपद में वास है।
है जन्म-मरण-जरा ने जिससे हृदय में उल्लास है।।
उस परमपद की प्राप्ति को निज रूप मैं उर में धरूँ।
प्रभु अष्ट द्रव्यों से समन्वित अर्घ से पूजा करूँ।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीमहावीर जिन-पूजा (रचयिता - श्री राजमल जी)

अपने स्वभाव के साधन का विश्वास नहीं आया अब तक।
सिद्धत्व स्वयं से आता है आभास नहीं पाया अब तक।।
भावों का अर्घ चढ़ाकर मैं अनुपम पद पाने आया हूँ।।
हे महावीर स्वामी! निज हित मैं पूजन करने आया हूँ।। ।।

ऊँ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पार्श्वनाथ-जिन

नीर गंध अक्षतान् पुष्प चारु लीजियै |दीप धूप श्रीफलादि अर्घ तें जजीजियै ||
पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूँ सदा |दीजिए निवास मोक्ष भूलिये नहीं कदा ||

ओं ह्रीं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री पार्श्वनाथ-जिन पूजा('पुष्पेन्दु ')

पथ की प्रत्येक विषमता को, मैं समता से स्वीकार करूँ |
जीवन-विकास के प्रिय-पथ की, बाधाओं का परिहार करूँ ||
मैं अष्ट-कर्म-आवरणों का, प्रभुवर! आतंक हटाने को |
वसु-द्रव्य संजोकर लाया हूँ, चरणों में नाथ! चढ़ाने को ||

ओं ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ-जिन

संघर्षो में उपसर्गो में, तुमने समता का भाव धरा |
आदर्श तुम्हारा अमृत-बन, भक्तों के जीवन में बिखरा ||
मैं अष्ट-द्रव्य से पूजा का, शुभ कर लाया हूँ |
जो पदवी तुमने पाई है, मैं भी उस पर ललचाया हूँ ||

ओं ह्रीं श्रीअहिच्छत्र पार्श्वनाथजिनेन्द्र अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

श्री महावीर-जिन

जल-फल वसु सजि हिम-थार, तन-मन मोद धरूं | गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरूं ||
श्री वीर महा-अतिवीर, सन्मति नायक हो | जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति-दायक हो ||

ओं ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री आदिनाथ-जिन

शुचि निर्मल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरू ले मन हरषाय |
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय ||
श्री आदिनाथजी के चरणकमल पर, बलिबलि जाऊँ मन-वच-काय |
हो करुणानिधि भव-दु:ख मेटो, या तें मैं पूजूं प्रभु-पाँय ||

ओं ह्रीं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री चंद्रप्रभ जिन

सजि आठों-दरब पुनीत, आठों-अंग नमूं | पूजूं अष्टम-जिन मीत, अष्टम-अवनि गमूं ||
श्री चंद्रनाथ दुति-चंद, चरनन चंद लगे | मन-वच-तन जजत अमंद, आतम-जोति जगे ||
ओं ह्रीं श्रीचंद्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

श्री शांतिनाथ जिन

जल-फलादि वसु द्रव्य संवारें, अर्घ चढ़ायें मंगल गाय|
'बखत रतन' के तुम ही साहिब, दीज्यो शिवपुर-राज कराय ||
शांतिनाथ पंचम-चक्रेश्वर, द्वादश-मदन तनो पद पाय |
तिनके चरण-कमल के पूजे, रोग-शोक-दु:ख-दारिद जाय ||
ओं ह्रीं श्री शांतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री पार्श्वनाथ जिन

नीर गंध अक्षतान् पुष्प चारु लीजियै | दीप धूप श्रीफलादि अर्घ तें जजीजियै ||
पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूँ सदा | दीजिए निवास मोक्ष भूलिये नहीं कदा ||
ओं ह्रीं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री महावीर-जिन

जल-फल वसु सजि हिम-थार, तन-मन मोद धरूं | गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरूं ||
श्री वीर महा-अतिवीर, सन्मति नायक हो | जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति-दायक हो ||
ओं ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सिद्धक्षेत्रों की अर्घ्यावली

(१) श्री अष्टापद सिद्धक्षेत्र (हिमालय पर्वत, कैलास)

जलादिक आठों द्रव्य लेय, भरि स्वर्णथार अर्घहि करेय |
जिन आदि मोक्ष कैलाश-थान, मुन्यादि-पाद जजुँ जोरि पान ||

ओं ह्रीं श्री कैलाशपर्वत-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्य पद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(२) सम्मेद-शिखर सिद्धक्षेत्र (झारखंड)

जल गंधाक्षत पुष्प सु नेवज लीजिये |
दीप धूप फल लेकर अर्घ सु दीजिये ||
पूजूं शिखर-सम्मेद सु-मन-वच-काय जी |
नरकादिक-दु:ख टरें अचल-पद पाय जी ||

ओं ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्य पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(३) गिरनार सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

अष्ट-द्रव्य को अर्घ्य संजोयो, घंटा-नाद बजाई |
गीत-नृत्य कर जजूं 'जवाहर' आनंद-हर्ष बधाई ||
जम्बूद्वीप भरत-आरज में, सोरठ-देश सुहाई |
शेषावन के निकट अचल तहँ, नेमिनाथ शिव पाई ||

ओं ह्रीं श्री गिरनार- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(४) श्री चम्पापुर सिद्धक्षेत्र (बिहार)

जल-फल वसु-द्रव्य मिलाय, ले भर हिम-थारी |
वसु-अंग धरा पर ल्याय, प्रमुदित चितधारी ||
श्री वासुपूज्य जिनराय, निर्वृति-थान प्रिया |
चंपापुर-थल सुखदाय, पूजूं हर्ष हिया ||

ओं ह्रीं श्री चम्पापुर- सिद्धक्षेत्राय अनर्यू पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(५) श्री पावापुरी सिद्धक्षेत्र (बिहार)

जल गंध आदि मिलाय वसुविध थार-स्वर्ण भराय के |
मन प्रमुद-भाव उपाय कर ले आय अर्यt बनाय के ||
वर पद्मवन भर पद्म-सरवर बहिर पावाग्राम ही |
शिवधाम सन्मति-स्वामी पायो, जजूं सो सुखदा मही ॥

ओं ह्रीं श्री पावापुरी- सिद्धक्षेत्राय अनर्य्पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(६) श्री सोनागिरि सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

वसु-द्रव्य ले भर थाल-कंचन अर्घ दे सब अरि हनूँ |
'छोटे' चरण जिनराज लय हो शुद्ध निज-आत्म बनूँ ||
नंगाऽनंगादि-मुनीन्द्र जहँ तें मुक्ति-लक्ष्मीपति भये |
सो परम-गिरवर जजूँ वसु-विधि होत मंगल नित नये ||

ओं ह्रीं श्री सोनागिरि- सिद्धक्षेत्राय अनर्य्पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(७) श्री नयनागिरि (रेशंदीगिरि) सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

शुचि अमृत-आदि समग्र, सजि वसु-द्रव्य प्रिया |
धारूं त्रिजगत-पति-अग्र, धर वर-भक्त हिया ||

ओं ह्रीं श्री नयनागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्य-पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(८) श्री द्रोणगिरि सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

जल सु चंदन अक्षत लीजिये, पुष्प धर नैवेद्य गनीजिये |
दीप धूप सुफल बहु साजहीं, जिन चढ़ाय सुपातक भाजहीं ||

ओं ह्रीं श्री द्रोणगिरि- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्य-पद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(9) सिद्धवरकूट सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

जल चंदन अक्षत लेय, सुमन महा प्यारी |
चरु दीप धूप फल सोय, अरघ करूं भारी ||
द्वय चक्री दस काम कुमार, भव तर मोक्ष गये |
ता तें पूजूं पद-सार, मन में हरष ठये ||

ओं ह्रीं श्री सिद्धवरकूट-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१०) श्री शत्रुंजय-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

वसु-द्रव्य मिलाई, थार भराई, सन्मुख आई नजर करूं |
तुम शिव सुखदाई, धर्म बढ़ाई, हर दु:खादिक अर्घ करूं ||
पांडव शुभ तीनं, सिद्धि लहीनं, आठ कोड़ि मुनि मुक्ति गये |
श्री शत्रुंजय पूजूं, सन्मुख हूजो, शांतिनाथ शुभ मूल नये ||

ओं ह्रीं श्री शत्रुंजय-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(११) श्री तुंगीगिरि सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फलादि वसु दरव सजा के, हेम-पात्र भर लाऊँ |
मन-वच-काय नमूँ तुम चरना, बार-बार सिर नाऊँ ||
राम हनू सुग्रीव आदि जे, तुंगीगिर थिर-थाई |
कोड़ी निन्यानवे मुक्ति गये मुनि, पूजूँ मन-वच-काई ||

ओं ह्रीं श्री तुंगीगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१२) श्री कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फलादि वसु-दरव लेय थुति ठान के |
अर्घ धरूँ तुम पाप हरो हिय आन के |
पूजूं सिद्ध सु क्षेत्र, हिये हरषाय के |
कर मन-वच-तन शुद्ध, करम-वसु टार के ||

ओं ह्रीं श्री कुंथलगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१३) चूलगिरि (बावनगजा) सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

सजि सौंज आठों होय ठाड़ा, हरष बाढ़ा कथन-बिन |
हे नाथ! भक्तिवश मिले जो, पुर न छूटे एक दिन ||
दशग्रीव-अंगज अनुज आदि, ऋषीश जहँ तें शिव लह्यो |
सो शैल बड़वानी-निकट, गिरि-चूल की पूजा ठहो ||

ओं ह्रीं श्री चूलगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१४) श्री गजपंथ-सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फल आदि वसु-दरव अति-उत्तम, मणिमय-थाल भराई |
नाच-नाच गुण गाय-गायके, श्री जिन-चरण चढ़ाई ||
बलभद्र सात वसु-कोडि मुनीश्वर, यहाँ पर करम खिपाई |
केवल-लहि शिवधाम पधारे, जजूँ तिन्हें सिर-नाई ||

ओं ह्रीं श्री गजपंथ-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१५) श्री मुक्तागिरि सिद्धक्षेत्र (म.प्र.)

जल-गंध आदिक द्रव्य लेके, अर्घ कर ले आवने |
लाय चरन चढ़ाओ भविजन, मोक्षफल को पावने ||
तीर्थ-मुक्तागिरि मनोहर, परम-पावन शुभ कह्यो |
कोटि साढ़े-तीन मुनिवर, जहाँ तें शिवपुर लह्यो ||

ओं ह्रीं श्री मुक्तागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(१६) पावागढ़-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

वसु-द्रव्य मिलाई भविजन भाई, धर्म सुहाई अर्घ करूँ |
पूजा को गाऊँ हर्ष बढ़ाऊँ, खूब नचाऊँ प्रेम भरूँ ||
पावागिरि-वंदूँ मन-आनंदूं, भवदु:ख खंदूं चितधारी |
मुनि पाँच जु कोड़ं भवदु:ख छोड़ं, शिवमग जोड़ं सुख भारी ||

ओं ह्रीं श्री पावागढ़-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(१७) रेवातट स्थित सिद्धोदय-सिद्धक्षेत्र (नेमावर-म.प्र.)

रेवानदी के तीर पर सिद्धोदय है क्षेत्र |
इसके दर्शन-मात्र से है खुलता सम्यक् नेत्र ||
रावण-सुत अरु सिद्ध मुनि साढ़े पाँच करोड़ |
ऐसे अनुपम-क्षेत्र को पूजूँ सदा कर जोड़ ||

ओं ह्रीं श्री रेवातट-स्थित सिद्धोदय-सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(१८) (ऊन) पावागिरि-सिद्धक्षेत्र म.प्र.

जल-फल वसु-द्रव्य पुनीत, लेकर अर्घ करूँ |
नाचूँ गाऊँ इह भाँति, भव तर मोक्ष वरूँ ||
श्री पावागिरि से मुक्ति, मुनिवर चारि लही |
तिन इक क्रम से गिन, चैत्य पूजत सौख्य लही ||

ओं ह्रीं श्री पावागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(१9) कोटिशिला-सिद्धक्षेत्र (उड़ीसा)

जल-फल वसु-दरव पुनीत, लेकर अर्घ करूँ |
नाचूँ गाऊँ इह भाँति, भवतर मोक्ष वरूँ ||
श्री कोटिशिला के माँहि, जशरथ-तनय कहे |
मुनि पंच-शतक शिवलीन, देश-कलिंग दहे ||

ओं ह्रीं श्री कोटिशिला-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

(२०) तारंगागिरि-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

शुचि आठों द्रव्य मिलाय तिनको अर्घ करूं |
मन-वच-तन देहु चढ़ाय भव तर मोक्ष वरूं ||
श्री तारंगागिरि से जान, वरदत्तादि मुनी |
त्रय-अर्ध-कोटि परमान ध्याऊँ मोक्ष-धनी ||

ओं ह्रीं श्री तारंगागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(२१) श्री गौतम-गणधर निर्वाण-स्थली (गुणावा-बिहार)

जल-फल आदिक द्रव्य इकट्ठे लीजिये |
कंचन-थारी माँहि अरघ शुभ कीजिये ||
ग्राम-गुणावा जाय सु मन हर्षाय के |
गौतम-स्वामी-चरण जजो मन-लायके ||

ओं ह्रीं श्री गौतम-गणधर निर्वाण-स्थली गुणावा-सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(२२) जम्बू-स्वामी निर्वाण-स्थली चौरासी-मथुरा सिद्धक्षेत्र (उ.प्र.)

जल-फल आदिक द्रव्य आठ हू लीजिये,
कर इकट्ठी भरि थाल अर्घ शुभ कीजिये |
मथुरा जम्बू-स्वामि मुक्ति-थल जाय के,
पूजो भवि धरि ध्यान सुयोग लगाय के ||

ओं ह्रीं श्री जम्बूस्वामी-निर्वाण-स्थली चौरासी-मथुरा सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सोलहकारण-भाव

जल फल आठों दरब चढ़ाय, 'द्यानत' वरत करूं मन लाय |
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ||
दरशविशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर-पद-दाय |
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ||

ओं ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्योऽनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंचमेरु-जिनालयों

आठ दरबमय अरघ बनाय, 'द्यानत' पूजूं श्रीजिनराय |
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ||
पाँचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमाजी को करूं प्रणाम |
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ||

ओं ह्रीं श्री सुदर्शन-विजय-अचल-मन्दर-विद्युन्माली-पंचमेरु-सम्बन्धि अशीति जिन-चैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदीश्वरद्वीप-जिनालयों

यह अरघ कियो निज-हेत, तुमको अर्पतु हूँ |
'द्यानत' कीज्यो शिव-खेत, भूमि समर्पतु हूँ ||
नंदीश्वर श्रीजिनधाम बावन पूज करूं |
वसु दिन प्रतिमा अभिराम, आनंद भाव धरूं ||
नंदीश्वरद्वीप महान्, चारों दिश सोहें |
बावन जिनमंदिर जान, सुर-नर मन मोहें ||

ओं ह्रीं श्रीनंदीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थ
जिनप्रतिमाभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

दशलक्षण-धर्म

आठों दरब सम्हार, 'द्यानत' अधिक उछाह सों |
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजूं सदा ||

ओं ह्रीं श्री उत्तमक्षमादि-दशलक्षणधर्माय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री सम्यक् रत्नत्रय

आठ दरब निरधार, उत्तम सों उत्तम लिये |
जनम-रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ ||

ओं ह्रीं श्री सम्यक् रत्नत्रयाय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सप्तर्षि-अर्घ्य

जल गंध अक्षत पुष्प चरुवर, दीप धूप सु लावना |
फल ललित आठों द्रव्य-मिश्रित, अर्घ कीजे पावना ||
मन्वादि चारण-ऋद्धि-धारक, मुनिन की पूजा करूँ |
ता किये पातक हरें सारे, सकल आनंद विस्तरूँ ||

ओं ह्रीं श्री श्रीमन्वादि सप्तर्षिभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री चौबीस-तीर्थंकर निर्वाणक्षेत्र

जल गंध अक्षत फूल चरु फल, दीप धूपायन धरूं |
'द्यानत' करो निरभय जगत् सों, जोड़ि कर विनती करूं ||
सम्मेदगढ़ गिरनार चंपा, पावापुरि कैलास को |
पूजूं सदा चौबीस जिन, निर्वाणभूमि-निवास को ||

ओं ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाणक्षेत्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पाँच बालयति

सजि वसु-विधि द्रव्य मनोज्ञ, अरघ बनावत हैं |
वसु-कर्म अनादि-संयोग, ताहि नशावत हैं ||
श्री वासुपूज्य मल्लि नेमि, पारस वीर अती |
नमूँ मन-वच-तन धरि प्रेम, पाँचों बालयती ||

ओं ह्रीं श्री वासुपूज्य-मल्लिनाथ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-महावीरस्वामी पंचबालयति-तीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

नव-ग्रह-अरिष्ट-निवारक

जल गंध सुमन अखंड तंदुल, चरु सुदीप सुधूपकं |
फल आदि प्रासुक द्रव्य मिश्रित, अर्घ देय अनूपकं ||
रवि सोम भूमिज सौम्य गुरु कवि, शनि तमोसुत केतवे |
पूजिये चौबीस जिन, ग्रहारिष्ट-नाशन हेतवे ||

ओं ह्रीं श्री सर्वग्रहारिष्ट-निवारक-श्रीचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री ऋषि-मंडल

जल-फलादिक द्रव्य लेकर अर्घ सुन्दर कर लिया |
संसार रोग निवार भगवन् वारि तुम पद में दिया ||
जहाँ सुभग ऋषिमंडल विराजे पूजि मन-वच-तन सदा |
तिस मनोवाँछित मिलत सब सुख स्वप्न में दु:ख नहिं कदा ||

ओं ह्रीं श्री सर्वोपद्रव-विनाशन-समर्थाय, रोग-शोक-सर्वसंकट-हराय सर्वशान्ति-पुष्टि कराय श्रीवृषभादिचौबीस-तीर्थंकर, अष्टवर्ग, अरहंतादि-पंचपद, दर्शन ज्ञान-चारित्र, चतुर्णिकाय-देव, चार प्रकार अवधिधारक-श्रमण, अष्ट-ऋद्धि-युक्त ऋषि, चौवीस देवी, तीन ह्रीं, अर्हंत-बिम्ब, दसदिग्पाल इति यन्त्र-सम्बन्धि-देव-देवी सेविताय परमदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सरस्वती-माता

जल चंदन अक्षत, फूल चरू अरु, दीप धूप अति फल लावे |
पूजा को ठानत, जो तुहि जानत, सो नर 'द्यानत' सुख पावे ||
तीर्थंकर की धुनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञानमई |
सो जिनवर-वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन-मानी पूज्य भई ||

ओं ह्रीं श्री जिन-मुखोद्भूत-सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री बाहुबली-स्वामी

आठ दरब कर से फैलायो, अर्घ बनाय तुम्हें हि चढ़ायो |
मेरो आवागमन मिटाव, दाता मोक्ष के |
श्री बाहुबली जिनराज दाता मोक्ष के ||

ओं ह्रीं श्री बाहुबली स्वामिने अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंच कल्याणक

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः |
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे कल्याणकमहं यजे ||

अर्थ- जल, चन्दन, अक्षत्, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल व अर्घ्य से, धवल-मंगल गीतों की ध्वनि से पूरित मंदिर जी में (भगवान के) कल्याणकों की पूजा करता हूँ |

ओं ह्रीं श्री भगवतो गर्भ जन्म तप ज्ञान निर्वाण पंचकल्याणकेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |१|

तीस चौबीसी

द्रव्य आठों जु लीना है, अर्घ्य कर में नवीना है।
पूजतां पाप छीना है, 'भानुमल' जोर कीना है।।
द्वीप अढ़ाई सरस राजै, क्षेत्र दश ता-विषै छाजें।
सात शत बीस जिनराजै, पूजतां पाप सब भाजें।।

ओं ह्रीं पंचभरत, पंचऐरावत, दशक्षेत्रविषयेषु
त्रिंशति चतुर्विंशतीनां विंशति अधिकसप्तशत तीर्थंकरेभ्यः
नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |

अथवा,

ओं ह्रीं पाँचभरत, पाँचऐरावत, दस क्षेत्र संबंधी तीस चौबीसियों
के सात सौ बीस तीर्थंकरेभ्य: नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्यमान बीस तीर्थंकरों

जल-फल आठों दरव, अरघ कर प्रीति धरी है,
गणधर इन्द्रनि हू तैं, थुति पूरी न करी है |
'द्यानत' सेवक जानके (हो), जग तें लेहु निकार ||
सीमंधर जिन आदि दे बीस विदेह-मँझार |
श्री जिनराज हो, भवि-तारणतरण जहाज (श्री महाराज हो) ||

अथवा

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकै: |
धवल मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे जिनराजमहं यजे ||
ओं ह्रीं श्री सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-संजात-स्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनन्तवीर्य-सूर्यप्रभ-
विशालकीर्ति-व्रधर-चन्द्रानन-भद्रबाहु-भुजंगम-ईश्वर-नेमिप्रभ-वीरसेन-महाभद्र-देवयश-
अजितवीर्य इति विदेह क्षेत्रे विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा|

गौतम स्वामी जी

गौतमादिक सर्वे एकदश गणधरा |
वीर जिन के मुनि सहस चौदह वरा ||
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं |
धूप फल अर्घ्य ले हम जजें महर्षिकं ||

ओं ह्रीं श्रीमहावीर-जिनस्य गौतमाद्येकादश-गणधर-चतुर्दशसहस्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(इस प्रकार अर्घ्य चढ़ाकर लाभ आदि में विघ्न करनेवाले अन्तराय कर्म को दूर करने के लिये नीचे लिखा हुआ अर्घ्य चढ़ावें)

श्री अंतराय-नाशार्थ

लाभ में अंतराय के वश जीव सुख ना लहे |
जो करे कष्ट-उत्पात सगरे कर्मवश विरथा रहे ||
नहिं जोर वा को चले इक-छिन दीन सो जग में फिरे |
अरिहंत-सिद्ध सु अधर-धरिके लाभ यों कर्म को हरे ||

ओं ह्रीं श्री लाभांतरायकर्मरहिताभ्यां अरिहंत-सिद्धपरमेष्ठिभ्यां अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अंतराय है कर्म प्रबल जो दान-लाभ का घातक है |
वीर्य-भोग-उपभोग सभी में, विघ्न-अनेक प्रदायक है ||
इसी कर्म के नाश-हेतु श्री, वीर-जिनेन्द्र और गणनाथ |
सदा सहायक हों हम सबके, विनती करें जोड़कर हाथ ||

(यहाँ पर पुष्प-क्षेपण कर हाथ जोड़ें।)

(इसके बाद हर एक बही में केशर से साथिया माँडकर एक-एक कोरा पान रखें और निम्नप्रकार लिखें

श्री पंच कल्याणक

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः |
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे जिनकल्याणकमहं यजे ||

ओं ह्रीं श्री भगवतो गर्भ जन्म तप ज्ञान निर्वाण पंचकल्याणकेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |१|

श्री पंचपरमेष्ठी

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः |
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे जिननाथमहं यजे ||

ॐ ह्रीं श्रीअरिहन्त-सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |२|

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः |
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे जिननाममहं यजे ||

ॐ ह्रीं श्रीभगवज्जिन अष्टाधिक सहस्रनामेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |३|

समुच्चय पूजा

अष्टम-वसुधा पाने को, कर में ये आठों द्रव्य लिये |
सहज-शुद्ध स्वाभाविकता से, निज में निज-गुण प्रगट किये ||
ये अर्घ समर्पण करके मैं, श्री देव-शास्त्र-गुरु को ध्याऊँ |
विद्यमान श्री बीस तीर्थंकर, सिद्ध-प्रभू के गुण गाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीदेव-शास्त्र-गुरुभ्य: श्रीविद्यमानविंशति-तीर्थंकरेभ्यः
श्रीअनंतानंत सिद्धपरमेष्ठिभ्य: अनर्घ्य पद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

(जोगीरासा छन्द)

भूत-भविष्यत्-वर्तमान की, तीस चौबीसी मैं ध्याऊँ | चैत्य-चैत्यालय कृत्रिमाकृत्रिम, तीन-लोक के मन लाऊँ ||

ओं ह्रीं त्रिकालसम्बन्धी तीस चौबीसी, त्रिलोकसम्बन्धी
कृत्रिमाकृत्रिम चैत्य-चैत्यालयेभ्य:अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत्यभक्ति आलोचन चाहूँ कायोत्सर्ग अघनाशन हेत |
कृत्रिमा-कृत्रिम तीन लोक में, राजत हैं जिनबिम्ब अनेक ||
चतुर निकाय के देव जजैं, ले अष्टद्रव्य निज-भक्ति समेत |

निज-शक्ति अनुसार जजूँ मैं, कर समाधि पाऊँ शिव-खेत ||

ओं ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धी समस्त-कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालय-सम्बन्धी जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजा(कविश्री युगलजी)

क्षणभर निजरस को पी चेतन, मिथ्यामल को धो देता है |
काषायिक भाव विनष्ट किये, निज-आनंद अमृत पीता है ||
अनुपम-सुख तब विलसित होता, केवल-रवि जगमग करता है |
दर्शन-बल पूर्ण प्रकट होता, यह ही अरिहन्त-अवस्था है ||
यह अर्घ्य समर्पण करके प्रभु! निज-गुण का अर्घ्य बनाऊँगा |
और निश्चित तेरे सदृश प्रभु! अरिहन्त-अवस्था पाऊँगा ||

ओं ह्रीं श्री देवशास्त्रगुरुभ्य: अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्यमान बीस तीर्थंकरों

जल-फल आठों दरव, अरघ कर प्रीति धरी है, गणधर इन्द्रनि हू तैं, थुति पूरी न करी है |
'द्यानत' सेवक जानके (हो), जग तें लेहु निकार ||
सीमंधर जिन आदि दे बीस विदेह-मँझार |
श्री जिनराज हो, भवि-तारणतरण जहाज (श्री महाराज हो) ||

ओं ह्रीं श्री सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-संजात-स्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनन्तवीर्य-सूर्यप्रभ-विशालकीर्ति-व्रधर-चन्द्रानन-भद्रबाहु-भुजंगम-ईश्वर-नेमिप्रभ-वीरसेन-महाभद्र-देवयश-अजितवीर्य इति विदेह क्षेत्रे विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा|

देव-शास्त्र-गुरु

जल परम उज्ज्वल गंध अक्षत पुष्प चरु दीपक धरूँ |
वर धूप निरमल फल विविध बहु जनम के पातक हरूँ ||
इहि भाँति अर्घ चढ़ाय नित भवि करत शिवपंकति मचूँ |
अरिहंत श्रुत-सिद्धांत गुरु-निर्ग्रन्थ नित पूजा रचूँ ||

(दोहा)

वसुविधि अर्घ संजोय के अति उछाह मन कीन | जा सों पूजौं परमपद देव-शास्त्र-गुरु तीन ||||

ओं ह्रीं श्री देवशास्त्रगुरुभ्यो अनर्घ्यप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्ध-पूजा

जल-फल वसुवृंदा अरघ अमंदा, जजत अनंदा के कंदा |
मेटो भवफंदा सब दु:खदंदा, 'हीराचंदा' तुम वंदा ||
त्रिभुवन के स्वामी त्रिभुवननामी, अंतरयामी अभिरामी |
शिवपुर-विश्रामी निजनिधि पामी, सिद्ध जजामी सिरनामी ||

ओं ह्रीं श्री अनाहत-पराक्रमाय सर्व-कर्म-विनिर्मुक्ताय सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

विद्यमान बीस तीर्थंकरों

जल-फल आठों दरव, अरघ कर प्रीति धरी है,गणधर इन्द्रनि हू तैं, थुति पूरी न करी है |
'द्यानत' सेवक जानके (हो), जग तें लेहु निकार ||
सीमंधर जिन आदि दे बीस विदेह-मँझार |
श्री जिनराज हो, भवि-तारणतरण जहाज (श्री महाराज हो) ||

ओं ह्रीं श्री सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-संजात-स्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनन्तवीर्य-सूर्यप्रभ-विशालकीर्ति-ज्रधर-चन्द्रानन-भद्रबाहु-भुजंगम-ईश्वर-नेमिप्रभ-वीरसेन-महाभद्र-देवयश-अजितवीर्य इति विदेह क्षेत्रे विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा|

(जोगीरासा छन्द)

भूत-भविष्यत्-वर्तमान की, तीस चौबीसी मैं ध्याऊँ |
चैत्य-चैत्यालय कृत्रिमाकृत्रिम, तीन-लोक के मन लाऊँ ||

ओं ह्रीं त्रिकालसम्बन्धी तीस चौबीसी, त्रिलोकसम्बन्धी कृत्रिमाकृत्रिम चैत्य-चैत्यालयेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत्यभक्ति आलोचन चाहूँ कायोत्सर्ग अघनाशन हेत |
कृत्रिमा-कृत्रिम तीन लोक में, राजत हैं जिनबिम्ब अनेक ||
चतुर निकाय के देव जजैं, ले अष्टद्रव्य निज-भक्ति समेत |
निज-शक्ति अनुसार जजूँ मैं, कर समाधि पाऊँ शिव-खेत ||

ओं ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धी समस्त-कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालय-सम्बन्धी जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सरस्वती पूजा

नयनन सुखकारी, मृदुगुनधारी, उज्ज्वलभारी, मोलधरै।
शुभगन्धसम्हारा, वसननिहारा, तुम अन धारा ज्ञान करै।।तीर्थः
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै अर्घ्यम निर्वपामीति स्वाहा।

श्री गौतम गणधर

पानीय आदि वसु द्रव्य सुगन्धयुक्त,
लाया प्रशांत मन से निज रूप पाने।
संसार के अखिल त्रास निवारने को
योगीन्द्र गौतम –पदाम्बुज –में चढाता।
ॐ ह्रीं कार्ति कृष्णामावस्यायां कैवल्यलक्ष्मी प्राप्तये
श्री गौतम गणधराय अर्घ्यम निर्वपामीति स्वाहा।

दशलक्षण-धर्म

आठों दरब संवार, 'द्यानत' अधिक उछाह सों | भव-आताप निवार, दस-लक्षण पूजूं सदा ||
ओं ह्रीं उत्तमक्षमादि-दशलक्षणधर्माय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

सोलहकारण-भावना

जल-फल आठों दरब चढ़ाय,'द्यानत' वरत करौं मन-लाय |
परमगुरु हो जय-जय नाथ परमगुरु हो ||
दरशविशुद्धि-भावना भाय, सोलह तीर्थंकर-पद-दाय |
परमगुरु हो, जय-जय नाथ परमगुरु हो ||
ओं ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्य: अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री पंचमेरु

आठ दरबमय अरघ बनाय, 'द्यानत' पूजूं श्रीजिनराय |
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ||
पाँचों मेरु अस्सी जिनधाम, सब प्रतिमाजी को करूँ प्रणाम |
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ||

ओं ह्रीं श्रीपंचमेरुसम्बन्धिअस्सी जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्य:
अनर्घ्य पद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

श्री नंदीश्वर-द्वीप

यह अरघ कियो निज हेत, तुमको अरपतु हूँ |
'द्यानत' कीज्यो शिव खेत भूमि समरपतु हूँ ||
नंदीश्वर श्रीजिन धाम, बावन पूज करूं |
वसु दिन प्रतिमा अभिराम, आनंद भाव धरूं ||

ओं ह्रीं श्रीनंदीश्वरद्वीपे पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तरदिक्षु
द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनप्रतिमाभ्य:
अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

श्री रत्नत्रय

आठ दरब निरधार, उत्तम सों उत्तम लिये | जनम-रोग निरवार, सम्यक्रत्न-त्रय भजूँ ||

ओं ह्रीं श्रीसम्यक्रत्नत्रयाय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

सम्यग्दर्शन पूजा

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु |

सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजूं सदा ||

ओं ह्रीं श्री अष्टांगसम्यग्दर्शनाय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

सम्यग्ज्ञान

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल-फूल चरु | सम्यग्ज्ञान विचार, आठ-भेद पूजूं सदा ||

ओं ह्रीं अष्टविध सम्यग्ज्ञानाय अनर्घ्यपद-प्राप्तयेअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

सम्यक्चारित्र

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु | सम्यक्चारित सार, तेरहविध पूजूं सदा ||

ओं ह्रीं श्री त्रयोदशविध-सम्यक्चारित्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

जल-फल आदि मिलायके, अरघ करो हरषाय |
दु:ख-जलांजलि दीजिए, श्रीजिन होय सहाय ||
क्षमा गहो उरजी वड़ा, जिनवर-वचन गहाय |

ओं ह्रीं श्री अष्टांगसम्यग्दर्शन-अष्टांगसम्यग्ज्ञान-त्रायोदशविध्-सम्यक्चारित्रोभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

समुच्चय चौबीसी जिनपूजन

जल फल आठों शुचिसार, ताको अर्घ करों ।
तुमको अरपों भवतार, भवतरि मोक्षवरों ॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्द - कन्द सही ।
पद जजत हरत भवफन्द, पावत मोक्ष - मही ॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिमहावीरान्तेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

देव शास्त्र गुरु समुच्चय पूजन (रचयिता - वृन्दावनदास)

अष्टम वसुधा पाने को, कर में ये आठों द्रव्य लिये ।
सहज शुद्धस्वाभाविकता से, निज में निज गुण प्रकट किये ॥
ये अर्घ्य समर्पण करके मैं, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊँ ।
विद्यमान श्री बीस तीर्थंकर, सिद्ध प्रभु के गुण गाऊँ॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवशास्त्रगुरुभ्य: श्रीविद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्य: श्री अनन्तानन्त सिद्धपरमेष्ठिभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

देव-शास्त्र-गुरु पूजन (कविवर द्यानतराय)

जल परम उज्ज्वल गन्ध अक्षत, पुष्प चरु दीपक धरूँ ।
वर धूप निर्मल फल विविध बहु जनम के पातक हरूँ ॥
इह भाँति अर्घ चढ़ाय नित भवि करत शिवपंकति मचूँ ।
अरहंत श्रुत- सिद्धान्त गुरु- निर्ग्रन्थ नित पूजा रचूँ ॥
वसुविधि अर्घ संजोय कै, अति उछाह मन कीन ।
जासों पूजों परमपद, देव-शास्त्र-गुरु तीन ॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवशास्त्रगुरुभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजा (श्री युगल जी)

क्षणभर निज रस को पी चेतन, मिथ्या मल को धो देता है।
काषायिक भाव विनष्ट किये निज आनन्द अमृत पीता है।
अनुपम सुख तब विलसित होता, केवल रवि जगमग करता है।
दर्शन बल पूर्ण प्रगट होता, यह ही अर्हंत अवस्था है॥
यह अर्घ्य समर्पण करके प्रभु! निज गुण का अर्घ्य बनाऊंगा।
और निश्चित तेरे सदृश प्रभु! अर्हंत अवस्था पाऊंगा॥

ऊँ ह्री श्रीदेवशास्त्रगुरुभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

सोलहकारण पूजा (कविवर द्यानतराय)

जल फल आठों दरब चढ़ाय, द्यानतवरत करों मन लाय।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ॥
दरशविशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर पद दाय ।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ॥

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्य: अनर्घ्यप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमेरु-पूजा (कविवर द्यानतराय)

आठ दरबमय अरघ बनाय, द्यानत पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ॥
पाँचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमा जी को करों प्रणाम ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ॥

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनबिम्बेभ्योअर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

दशलक्षणधर्म-पूजा

आठों दरब संवार, द्यनत अधिक उछाह सौं ।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

रत्नत्रय-पूजा

आठ दरब निरधार, उत्तम सौं उत्तम लिये।

जनम-रोग निरवार, सम्यक्-रत्नत्रय भजूँ॥

ॐ ह्रीं सम्यक् रत्नत्रयाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यग्दर्शनपूजा

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।

सम्यग्दर्शनसार, आठ अंग पूजौं सदा॥

ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यग्ज्ञानपूजा

जल गन्धाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।

सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा॥

ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञानाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यक्चारित्रपूजा

जल गन्धाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।

सम्यक्चारित सार, तेरहविध पूजौं सदा॥

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दीश्वरद्वीप-पूजा (कविवर द्यानतरायजी कृत)

यह अरघ कियो निज-हेत, तुमको अरपतु हों ।
द्यानत कीज्यो शिव-खेत, भूमि समरपतु हों ॥
नंदीश्वर द्वीप महान्, चारों दिशि सोहें।
बावन जिनमंदिर जान, सुर-नर मन मोहें॥

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्योअनर्घ्य-पदप्राप्तये अर्घंनिर्वपामिति स्वाहा।

नवदेवता पूजन

जल गंध अक्षत पुष्प चरु दीपक सुधूप फलार्घ्य ले ।
वर रत्नत्रय निधि लाभ यह बस अर्घ से पूजत मिले ॥
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें ।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगलपाय शिवकांता वरें ॥ ॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनागम जिनचैत्य चैत्या-लयेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

विद्यमान बीस तीर्थंकर पूजा भाषा

जल फल आठों दर्व अरघ कर प्रीति धरी है ।
गणधर इन्द्रनिहूं तैं थुति पूरी न करी है ॥
द्यानत सेवक जानके जग तैं लेहु निकार ॥
सीमंधर जिन आदि दे बीस विदेह मँझार ॥
श्री जिनराज हो भव तारण तरण जिहाज ॥

ॐ ह्रीं श्रीविद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सिद्ध-पूजन (श्री युगल जी)

तेरे विकीर्ण गुण सारे प्रभु! मुक्ता-मोदक से सघन हुए।
अतएव रसास्वादन करते, रे! घनीभूत अनुभूति लिये॥
हे नाथ! मुझे भी अब प्रतिक्षण, निज अंतर-वैभव की मस्ती।
है आज अर्घ्य की सार्थकता, तेरी अस्ति मेरी बस्ती।
ॐ ह्री श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्धपूजा

गन्धाढ्यं सुपयो-मधुव्रत-गणै: संगं वरं चन्दनं,
पुष्पौघं विमलं सदक्षत-चयं रम्यं चरुं दीपकम् ।
धूपं गन्धयुतं ददामि विविधं श्रेष्ठं फलं लब्धये,
सिद्धानां युगपत्क्रमाय विमलं सेनोत्तरं वांछितम् ॥
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घपद-प्राप्तयेअर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

ज्ञानोपयोगविमलं विशदात्मरूपं, सूक्ष्म-स्वभाव-परमं यदनन्तवीर्यम् ।
कर्मौघ-कक्ष-दहनं सुख-सस्य-बीजं, वन्दे सदा निरुपमं वर-सिद्ध-चक्रम् ॥
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री ऋषि मण्डल पूजा

जल फलादिक द्रव्य लेकर अर्घ्य सुन्दर कर लिया ।
संसार रोग निवार भगवन् वारि तुम पद में दिया ॥
जहाँ सुभग ऋषिमण्डल विराजैं पूजि मन वच तन सदा ।
तिस मनोवांछित मिलत सब सुख स्वप्न में दुःख नहिं कदा ॥

ॐ ह्रीं सर्वोपद्रव-विनाशाय-समर्थाय यन्त्र सम्बन्धी परम देवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ॥

सरस्वती पूजा (कविवर द्यानतराय)

नयनन सुखकारी, मृदु गुनधारी, उज्ज्वल भारी, मोलधरैं ।
शुभ गंध सम्हारा, वसन निहारा, तुम तन धारा ज्ञान करैं ॥
तीर्थंकर की धुनि, गनधर ने सुनि, अंग रचे चुनि, ज्ञानमई ।
सो जिनवर वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन मानी पूज्य भई ॥
ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतिदेव्यै वस्त्रं निर्वपामीति स्वाहा ।
जल चंदन अक्षत, फूल चरु अरु, दीप धूप अति, फल लावै ।
पूजा को ठानत, जो तुम जानत, सो नरद्यानत सुख पावै ॥
तीर्थंकर की धुनि, गनधर ने सुनि, अंग रचे चुनि, ज्ञानमई ।
सो जिनवर वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन मानी पूज्य भई ॥

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतिदेव्यै अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

क्षमावणी-पूजा

जल फल आदि मिलाय के, अरघ करो हरषाय ।
दु:ख जलांजलि दीजिये, श्रीजिन होय सहाय ॥
क्षमा गहो उर जीवड़ा, जिनवर-वचन गहाय ।

ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शनअष्टांगसम्यग्ज्ञान-त्रयोदशविध सम्यक्-चारित्रेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तर्षि पूजा

जल गन्ध अक्षत पुष्पचरुवर, दीप धूप सु लावना ।
फल ललित आठौं द्रव्य-मिश्रित, अर्घ्य कीजे पावना ॥
मन्वादि चारण-ऋद्धि-धारक, मुनिन की पूजा करूं ।
ता करें पातक हरें सारे, सकल आनन्द विस्तरूं ॥

ॐ ह्रीं श्रीमन्वादिसप्तर्षिभ्योअनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंच परमेष्ठी पूजन - कवि राजमल पवैया जी

जल चंदन अक्षत पुष्प दीप, नैवेद्य धूप फल लाया हूँ।
अब तक के संचित कर्मों का, मैं पुंज जलाने आया हूँ॥
यह अर्घ्य समर्पित करता हूँ, अविचल अनर्घ्य पद दो स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव-दुःख मेटो अंतर्यामी॥

ॐ ह्रीं श्रीपंचपरमेष्ठिभ्यः अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

बाहुबली स्वामी पूजन

वसु-विधि के वश वसुधा सब ही, परवश अतिदुःख पावें।
तिहि दुःख दूरकरन को भविजन, अर्घ्य जिनाग्र चढ़ावे॥
परम-पूज्य वीराधिवीर जिन, बाहुबली बलधारी।
तिनके चरण-कमल को नित-प्रति, धोक त्रिकाल हमारी॥

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली-परमयोगीन्द्राय अनर्घ्य-पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा

वीतराग वंदौं सदा, भाव सहित सिरनाय।
कहूं काण्ड निर्वाण की, भाषा सुगम बनाय।1।

चौपाई

अष्टापद आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य चंपापुरि नामि।
नेमिनाथ स्वामी गिरनार, वंदौं भाव-भगति उर धार।2।
चरम तीर्थंकर चरम-शरीर, पावापुरी स्वामी महावीर।
शिखर सम्मेद जिनेश्वर बीस, भाव सहित वंदौं निश-दीस।3।
वरदत्तराय रु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
नगर तारवर मुनि उठकोड़ि, वंदौ भाव सहित कर जोडि।4।
श्री गिरनार शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात।
संबु-प्रद्युम्न कुमर द्वे भाय, अनिरुद्ध आदि नमूं तसु पाय।5।
रामचंद्र के सुत द्वै वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पांच कोड़ि मुनि मुक्ति मंझार, पावागढ़ वंदौ निरधार।6।
पांडव तीन, द्रविड़-राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान।
श्री शत्रुंजय-गिरि के सीस, भाव सहित वंदौं निश-दीस।7।
जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।
श्री गजपंथ शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूं तिहूं काल।8।
राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोड़ि निन्याणवे मुक्ति पयान, तुंगीगिरि वंदौं धरि ध्यान।।
नंग अनंग कुमार सुजान, पांच कोड़ि अरु अर्ध प्रमान।

मुक्ति गये सोनागिरि-शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईश।10।
रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये रेवा-तट सार।
कोटि पांच अरु लाख पचास, ते वंदौं धरि परम हुलास।11।
रेवानदी सिद्धवर-कूट, पश्चिम दिशा देह जहं छूट।
द्वै चक्री दश कामकुमार, उठकोड़ि वंदौं भव पार।12।
बड़वानी बड़नयर सुचंग, दक्षिण दिशि गिरि चूल उतंग।
इंद्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण, ते वंदौं भव-सायर तर्ण।13।
सुवरण-भद्र आदि मुनि चार, पावागिरिवर शिखर मंझार।
चेलना-नदी-तीरके पास, मुक्ति गये वंदौं नित तास।14।
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम दिशा द्रोणगिरि रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीश्वर जहां, मुक्ति गये वंदौं नित तहां।15।
बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्री अष्टापद मुक्ति मंझार, ते वंदौं नित सुरत संभार।16।
अचलापुर की दिश ईसान, तहां मेंढ़गिरि नाम प्रधान।
साढ़ तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूं चित लाय।17।
वंसस्थल वनके ढिग होय, पच्छिम दिश कुंथुगिरि सोय।
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूं प्रणाम।18।
जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पांच सौ लहे।
कोटिशिला मुनि कोटि प्रमान, वंदन करूं जोड़ जुग पान।1।
समवसरण श्री पार्श्व-जिनंद, रेसिंदीगिरि नयनानंद।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौं नित धरम-जिहाज।20।
मथुरा नगरी पवित्र उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण।
चरमकेवली पंचमकाल, ते वन्दौं निज दीनदयाल।21।

तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित प्रति वंदन कीजे तहां।
मन-वच-काय सहित सिरनाय वंदन करहिं भविक गुणगाय।22।
संवत सतरहसौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
भैया वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल।23।

श्री निर्वाण क्षेत्र बड़ी पूजा (श्री निर्वाण लड्डू पूजा)

अर्घ करौं निज माफिक शक्ति, पूजौं सिद्ध क्षेत्र करि भक्ति।
लहौं निर्वाण पूजौं मन वच तन धरि ध्यान।।
अब मैं शरण गही तुम आन, भवदधिपार उतारन जान।।
लहौं निर्वाण पूजौं मन वच तन धरि ध्यान।।
ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र श्री भरतक्षेत्र सम्बन्धी निर्वाण क्षेत्रेभ्यः
अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री रविव्रत

जल गंधादिक अष्ट द्रव्य ले, अर्घ बनावो भाई ।
नाचत गावत हर्षभाव सों, कंचन थार भराई ॥
पारसनाथ जिनेश्वर पूजो, रविव्रत के दिन भाई ।
सुख सम्पत्ति बहु होय तुरतहीं, आनन्द मंगल दाई ॥
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।